बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना– 800001

आवश्यक सूचना

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक 13062 दिनांक 12.10.2017 द्वारा Mental disorder (मनोविकार निःशक्त) के अभ्यर्थियों को 1% का लाभ अपने–अपने कोटि के अन्दर देने का आदेश प्राप्त हुआ है। इस प्रकार निःशक्त अभ्यर्थियों जिनकी निःशक्तता 40% एवं उससे अधिक है और जिन्हें चिकित्सा पर्षद से निःशक्तता प्रमाण निर्गत है को कुल 4% आरक्षण अपने–अपने कोटि के अन्तर्गत देने का प्रावधान किया गया है।

सहायक अभियन्ता असैनिक/यांत्रिक के पदों पर नियुक्ति हेतु पूर्व में दिनांक 03.03.2017 को प्रकाशित विज्ञापन सं॰ 02/2017, सहायक अभियंता असैनिक, विज्ञापन सं॰ 03/2017, सहायक अभियंता यांत्रिक एवं विज्ञापन सं॰ 04/2017, सहायक अभियंता असैनिक जिसमें आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 08.05.2017 निर्धारित थीं में भी सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार के संकल्प (ज्ञापांक) संख्या 13062 दिनांक 12.10.2017 के आलोक में मनोविकार निःशक्त को भी विहित प्रपत्र में प्रावधानित किया गया है।

वैसे अभ्यर्थी जो मनोविकार निःशक्त हैं और उनकी निःशक्तता 40% एवं उससे अधिक है तथा जिन्हें विधिवत् चिकित्सा पर्षद से प्रमाण पत्र प्राप्त हैं और पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्या 02/2017, विज्ञापन संख्या 03/2017 एवं विज्ञापन संख्या 04/2017 सहायक अभियंता असैनिक/यांत्रिक के पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आयोग को भेज चुके हैं उन्हें सूचित किया जाता है कि वे अपने–अपने निःशक्तता प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति के साथ संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक के नाम एक अनुरोध पत्र लिखेंगे जिसमें आवेदक के नाम/पिता/पति का नाम, जन्मतिथि, पूर्ण पता (Mobile No के साथ) के साथ विस्तृत पता (Postal Address) उधृत हो और उसे **संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग, 15 जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड) पटना– 800001 के पते पर इस प्रकार भेजेंगे कि वह 06.12.2017 को अपराह्न 5.00 बजे तक आयोग कार्यालय में प्राप्त हो जाय।**

पूर्व में दिनांक 09.11.2017 को प्रकाशित पुनर्विज्ञापन सं॰ 02/2017, 03/2017 एवं 04/2017 के अन्तर्गत भी आवेदन पत्र का प्रेषण **संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग, 15 जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड) पटना– 800001 के पते पर** करेंगे।

24.11.17

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना